Bareilly, Sunday,
9 July 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.00/-
Pages 12

दैनिक जागरण

Page No : 04 Middle

एसआरएमएस में दो दिवसीय आर्थोप्लास्टी वर्कशाप शुरू

एसआरएमएस में कार्यशाला में विधायक डा. राघवेंद्र शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते प्राचार्य ● सौ. संस्थान

जासं, बरेली : एसआरएमएस इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज में शनिवार को दो दिवसीय आर्थोप्लास्टी वर्कशाप शुरू हुई। पहले दिन साइंटिफिक सेशन में देश के नामचीन आर्थोपैडिक सर्जन ने टोटल हिप रिप्लेशमेंट और टोटल नी रिप्लेशमेंट से संबंधित विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए। मुख्य अतिथि बिथरी चैनपुर के विधायक और आर्थोपैडिक सर्जन डा. राघवेंद्र शर्मा ने कहा कि इनसे नई ऊर्जा के साथ सीखने व चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे बदलावों की जानकारी भी मिलती है। कांफ्रेंस आर्गनाइजिंग चेयरमैन डा. एसके कौशिक ने कहा कि रविवार को पहली बार रोबोटिक सर्जरी से टोटल नी रिप्लेसमेंट भी किया जाएगा। जिसे रोबोट के जरिये और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की मदद से दिल्ली में बैठे डाक्टर यहां पर सर्जरी करेंगे। इसका लाइव प्रसारण भी किया होगा। इस मौके पर मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा. एमएस बुटोला, डा. संजय गुप्ता, संचालन डा. ध्रुव गोयल, डा. आलोक शर्मा आदि मौजूद रहे।